# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Reading and Listening**

**सामान्य समीक्षा**

अभ्यास 1,3, और 5 में प्रमुख रूप से पढ़ने की कुशलता की प्रधानता अपेक्षित होती है और वर्तनी की अशुद्धियों को अनदेखा किया जाता है बशर्ते कि वे संवाद में कोई बाधा न पहुंचाएं। यदि उत्तर स्पष्ट है तो परीक्षार्थियों के लिए पूरे अंक अर्जित करने के लिए सम्पूर्ण वाक्यों में लिखना अनिवार्य नहीं होता।

अभ्यास 2, आवदेन पत्र में पत्ता लिखते समय सही क्रम में लिखना ज़रूरी होता है।

अभ्यास 4 और 6 में अंक सिर्फ़ अंतर्वस्तु के लिए ही नहीं बल्कि सटीक भाषा प्रयोग के लिए भी दिए जाते हैं। अतः परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है कि वे वर्तनी और व्याकरण की अशुद्धियों को जाचं लें।

**सामान्य टिपण्णियाँ**

अधिकाँश परीक्षार्थियों ने इस वर्ष की परीक्षा में प्रशंसनीय भूमिका निभाई। छात्रों ने दिशा निर्देश का उचित पालन करते हुए अपने उत्तरों को निश्चित शब्द सीमा के भीतर ही रखा। बहुमत परीक्षार्थियों ने लगभग सभी अभ्यासों में बेहतर प्रदर्शन किया।

**प्रश्न विशिष्ट टिपण्णी**

**खंड 1**

**अभ्यास 1, प्रश्न 1–6**

यह पाठांश ऐसी लड़की की कहानी पर केन्द्रित था जिसको अंतरिक्ष यात्रा के लिए चुना गया। उनका नाम सौ प्रतियोगियों की सूची में शामिल था जिसमें से तीन प्रतियोगी भारतीय थे। अधिकांश परीक्षार्थियों को प्रश्न 1 से 6 तक के उत्तर ढूढ़ने में किसी तरह की कोई विशेष कठिनाई नहीं दिखाई दी। कुछ परीक्षार्थियों ने प्रश्न 2 का उत्तर ग़लत दिया। सही उत्तर 'सौ प्रतियोगी' था जबकि कुछ परीक्षार्थियों ने 'तीन प्रतियोगी' लिखा जो सही नहीं था।

**अभ्यास 2, प्रश्न 7**

इस अभ्यास के भीतर परीक्षार्थी को उपलब्ध जानकारी के आधार पर आवेदन पत्र भरना होता है। यह अनिवार्य होता है कि परीक्षार्थी पता लिखते समय सही क्रम का अनुसरण करे। आमतौर से परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र भरने के लिए सही जानकारी को एकत्र करने में कोई विशेष परेशानी नहीं

https://xtremepape.rs/

होती। फिर भी हम यह आग्रह पुनः करना चाहते हैं कि सही क्रम में ही पता लिखें। उदाहरण के लिए सर्वप्रथम, घर का नंबर लिखें फिर अपार्टमेंट का नाम फिर जगह का नाम और अंत में शहर का नाम लिखें। यह उत्साहवर्धक तथ्य है कि इस वर्ष भी अधिकांश छात्रों ने पता सही लिखा। बहुत कम ऐसे परीक्षार्थी थे जिन्होंने यह ग़लती की।

**<u>अभ्यास 3 प्रश्न 8–10</u>**

इस वर्ष का विषय अहमदाबाद में आयोजित पतंग उत्सव था। पाठांश में पतंगों के आकार एवं स्वरूप के बारे में जानकारी थी। दुनिया भर से लोगों की भागीदारी और उत्साह को पाठांश में प्रमुखता से उभारा गया था।

**<u>प्रश्न 8</u>** पहले शीर्षक के अंतर्गत परीक्षार्थियों को तीन बिन्दु लिखने थे जिसके तहत पूछा गया था कि उन तथ्यों एवं अवधारणाओं को बताइए जिससे उत्सव की ऐतिहासिकता का पता चलता है। अधिकांश परीक्षार्थी तीन में से दो सही बिन्दुओं को लिखने में सफल रहे।

**<u>प्रश्न 9</u>** इस शीर्षक के तहत भी दो बिन्दुओं को लिखना था जिससे साबित हो कि पतंग के आकार और उनको बनाने में किस तरह की सामग्री प्रयोग की जाती है।

**<u>प्रश्न 10</u>** इस शीर्षक के अंतर्गत उत्सव के बारे में किन्हीं दो बिन्दुओं के माध्यम से बताना था जिससे उत्सव के आकर्षण के बारे में जानकारी मिल सके। अधिकांश परीक्षार्थियों ने दो सही बिन्दुओं को लिखा।

**<u>अभ्यास 4 प्रश्न 11</u>**

सारांश लेखन में 6 अंक संगत बिन्दु के लिए और 4 अंक भाषा के लिए निर्धारित होते हैं। परीक्षार्थी अभ्यास के लिए पूर्णतः तैयार दिखाई दिए। अधिकांश छात्रों ने सारांश अपने शब्दों में लिखा जिसके फलस्वरूप वे अच्छे अंक अर्जित कर पाए। इनमें बहुमत छात्रों ने संगत बिन्दुओं के लिए 5 या 6 अंक और भाषा के लिए 3 अंक अर्जित किए। जबकि कई छात्र भाषा के पूरे 4 अंक भी अर्जित कर पाए। बहुमत छात्रों ने अपने सारांश को शब्द सीमा के भीतर ही लिखा। बहुत कम छात्र ऐसे थे जिन्होंने अभी भी अपना सारांश शब्द सीमा से अधिक लिखा।

**खंड 2**

**<u>अभ्यास 5 प्रश्न 12–19</u>**

यह लेख दिल्ली शहर में स्मार्ट फोन की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में था। एक महिला पत्रकार जो दिल्ली और दिल्ली के बाहर गांव और कस्बों में डिजिटल क्रांति के बारे जानकारी एकत्र कर रही थीं तब वह अपने घर में ही इस परिवर्तन के प्रति अनजान थीं। अधिकांश छात्रों ने इस अभ्यास में

https://xtremepape.rs/

सराहनीय प्रदर्शन किया। सभी चार प्रश्नों (12–15) जिसमें ग़लत कथनों के लिए सही वाक्य लिखने थे उन्हें अधिकाँश परीक्षार्थियों ने सही उत्तर लिखकर पूरा किया। कुछेक परीक्षार्थियों ने प्रश्न 14 का उत्तर ग़लत दिया जबकि यह कथन सही था। प्रश्न 17 से 19 के जवाब भी बहुमत संख्या में विद्यार्थियों ने सही लिखे। बहुत कम विद्यार्थियों ने प्रश्न 16 का सही उत्तर नहीं दिया। संभवतः परीक्षार्थी शब्द 'अनभिज्ञ' का अर्थ नहीं समझ पाए।

**अभ्यास 6**

इस वर्ष निबंध का विषय था कि आप किस हद तक सहमत हैं कि इंटरनेट से हर तरह की जानकारी को प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में अन्य देश-विदेश की यात्रा करना आवयक नहीं है।

अधिकांश विद्यार्थियों ने अभ्यास को सफलतापूर्वक किया। परीक्षार्थियों ने विषय के पक्ष में सकारात्मक बातों को लिखा। श्रेष्ठ निबंध विषय के पक्ष में नकारात्मक पक्षों को भी जोड़ पाए जैसेकि कम्प्यूटर पर अधिक समय बिताना और स्वास्थ्यप्रद खाना नहीं खाना तथा कसरत नहीं करना इत्यादि।

शिक्षकों को इस अभ्यास की तैयारी के लिए आवश्यक है कि वे परीक्षार्थियों को हिंदी में लिखने की तैयारी करवायें। अभी भी लिखने के अभ्यास की कमी के कारण परीक्षार्थी अनेकों ग़लतियाँ करते हैं। अध्यापक और अध्यापिकाओं से अनुरोध है कि वे इन ग़लतियों की तरफ विशेष ध्यान दें।

https://xtremepape.rs/

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**
**Listening**

**हिन्दी रिपोर्ट 2017**

**श्रवण पेपर दूसरी भाषा के रूप में**

**विशेष टिप्पणी**

इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिये परीक्षार्थियों को चाहिये कि

जितना हो सके उतना स्पष्ट लिखे जिस से अर्थ समझ में आ सके। अभ्यास चार में ध्यान पूर्वक् सभी सम्बंधित विस्तार अपने प्रश्नोत्तर में दें।

**सामान्य टिप्पणी**

आम तौर से सभी परीक्षार्थियों ने समग्र रूप से बहुत अच्छा प्रयास किया और सभी प्रश्नों के उत्तर देने की चेष्टा की है।

इस पेपर में सही जानकारी के सम्प्रेषण पर अंक दिये गये हैं। वर्तनी और व्याकरण की त्रुटि के आधार पर जवाब का मूल्यांकन नहीं किया गया फिर भी यदि भाषा त्रुटि से शब्दार्थ बदल जाए या अर्थ स्पष्ट न हो तो अंक नहीं दिये गये।

**Comments on specific questions**

**अभ्यास 1 से 6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने सवालों के जवाब अच्छे दिये हैं। प्रश्न 1-6 में छोटे उत्तर अपेक्षित थे। अधिकतर परीक्षार्थियों ने अच्छा किया। कुछ शब्दों में वर्तनी के कई रुप मिले विशेष तौर पर, ; 'धँस', 'आधुनिक', 'बायें', 'रहन सहन', 'रुचियों'' इत्यादि। इन में से कुछ शब्द तो बुनियादी शब्दावली का हिस्सा है और परीक्षार्थियों से वर्तनी की शुद्धि की अपेक्षा की जाती है।। भाषा त्रुटि में अंक उन्हें ही दिए गए हैं जिन का अर्थ नहीं बदला है, परंतु 'धंस' की जगह 'घस' 'डस' शब्द जैसे उत्तर को अंक नही दिया गया। मार्क स्कीम में वर्तनी की गलती के लिए कुछ प्रावधान है परंतु दो वर्णो से बने शब्द में एक वर्ण गलत है तो अंक नहीं दिया गया।

https://xtremepape.rs/

**प्रश्न 1**

बहुत से परीक्षार्थियों ने वर्तनी में गलतियाँ की या गलत उत्तर 'बर्फ गिर रही थीं' लिखा।

**प्रश्न 2 और 5** के उत्तर अधिकतर ने सही दिये।

**प्रश्न 3**

कुछ परीक्षार्थियों ने सभी चीज़ों की सूची लिख दी जिस के कारण अंक नहीं प्राप्त कर सके।

**प्रश्न 4**

कुछ परीक्षार्थी व्यक्ति किस किस्म का है और क्या करता है में भ्रमित थे।

**प्रश्न 6**

प्रश्न 6 बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहा। कमरे क्यों नहीं बुक हो सकते का वास्तविक कारण हमेशा सही तरीके से समझाया नहीं गया था। श्रवण परीक्षा में उम्मीदवारों की मुख्य जानकारी को पंजीकृत करने की क्षमता का आकलन किया जाता है जो परिधीय सूचनाओं से विचलित किए बिना प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक होता है जैसे कि कमरे जून में बुक किए गए थे।

**अभ्यास: 2: प्रश्न (i)–(vii)**

इस अभ्यास में परीक्षार्थियों को उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करनी थी। वर्तनी की शुद्धता का पिछले हिस्से की तरह एक मुद्दा था। वर्तनी में बहुत सी भिन्नताएं थीं। विशेष कर 'निन्यानवें', 'तांबे' 'सुरक्षित' and 'सिद्ध' में।

**अभ्यास 3: प्रश्न 8–13**

अधिकतर परीक्षार्थियों ने सही गलत अभ्यास में अच्छे अंक प्राप्त किये। कुछ परीक्षार्थियों ने सही जवाब दे कर गलत उत्तर को निशान लगा दिया जिस से उनको अंक नहीं मिले। कुछ परीक्षार्थियों ने हिचकिचाहट दिखाते हुए दोनों खानों में निशान लगाये या फिर खाली छोड़ दिया । कुछ कमज़ोर परीक्षार्थियों ने गलत विकल्प पर निशान लगाया।

**अभ्यास 4 प्रश्न 14 से 20**

इन सवालों का उद्देश्य कुछ अधिक चुनौतीपूर्ण था। सटीक शब्दावली का विस्तार और उपयोग करने के लिए ध्यान दोनों आवश्यक थे। कुछ ने अपर्याप्त विवरण के साथ एक-शब्द के उत्तर लिखे, जिससे अंक प्राप्त नहीं हो सके।

**प्रश्न 14**

अधिकतर उम्मीदवार इस सवाल का जवाब देने में कामयाब रहे और पूर्ण अंक प्राप्त किए।

https://xtremepape.rs/

**प्रश्न 15**

भाग एक अधिकतर ठीक से समझे परंतु भाग दो में कुछ चुनौती रही। कुछ उम्मीदवारों को 'नालियां' के अर्थ को समझने में कठिनाई थी, जिस से 'नदियों' और 'नारियाँ' और 'नाड़ियाँ'. जैसे उत्तर लिखे इन विकल्पों का अर्थ पूरी तरह से बदल गया, जिसका मतलब था कि कुछ उम्मीदवार अंक हासिल करने में असमर्थ थे। इसलिए, इस तरह के प्रश्नों का उपयोग करने के लिए हिंदी शब्दावली के ज्ञान के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

**प्रश्न 16**

इस सवाल पर उम्मीदवारों की एक महत्वपूर्ण संख्या ने खूब अच्छी तरह उत्तर दिया। कुछ उम्मीदवारों को सबसे महत्वपूर्ण तत्व याद नहीं था जो 'बैग बनाने वाली' था और वे मार्क हासिल करने में असमर्थ थे।

**प्रश्न 17 और 18**

प्रश्न 17 और 18 ज्यादातर अच्छी तरह से समझ गए थे और सही जवाब दिए थे। केवल कुछ चिंता 'कूड़ेदान' और 'खाद' जैसे शब्दों की वर्तनी की भिन्नताओं के कारण थीं।

**प्रश्न 19**

यह इस पेपर का आखिरी प्रश्न था और यह अच्छी तरह से विभेदित था। अधिकांश उम्मीदवारों ने सिर्फ एक शब्द के साथ उत्तर दिया। सबसे सक्षम उम्मीदवारों ने स्पष्ट और पूर्ण विवरण दिए और अंक प्राप्त करने में सक्षम थे।

**<u>सारांश</u>**

उम्मीदवारों को रिकॉर्डिंग को बहुत सावधानी से सुनना चाहिए और तकनीकों और रणनीतियों का विकास करना चाहिए ताकि वे अपने उत्तरों के लिए उपयुक्त विवरण की पहचान कर सकें। कुछ प्रश्नों तक पहुंचने के लिए हिंदी शब्दसंग्रह को बढ़ाने और ध्वनियों और अक्षरों पर ध्यान देने के लिए इसी तरह के समान अक्षरों पर विशेष ध्यान देकर काम करने की आवश्यकता है। उम्मीदवारों को कक्षा में अभ्यास सुनने पर यथासंभव अधिक अभ्यास करना चाहिए और समयसीमा के तहत पिछले परीक्षा प्रश्न पत्र का अभ्यास करना चाहिए। यह निश्चित रूप से समग्र मानक को बढ़ाने में मदद करेगा।

https://xtremepape.rs/